# सत्यापन
# आख्या

मुख्य विकास अधिकारी महोदय के कार्यालय पत्र संख्या 495 दिनांक 08/05/2024 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन(ग्रा0) के अन्तर्गत जनपद बस्ती के विकास खण्ड– गौर की ग्राम पंचायत कठौतिया सांवडीह और विकास खण्ड– बनकटी की ग्राम पंचायत सिरौता में निर्मित कराये गये बायो गैस संयन्त्र का निरीक्षण में बायो गैस प्लान्ट स्थापना हेतु स्वीकृत स्टीमेट एवं राज्य स्तर से उपलब्ध कराये गये आर0एफ0पी0 के पृष्ठ संख्या 14 व 15 पर प्लांट के गुणवत्तापूर्ण निर्माण के दृष्टिगत सिविल वर्क और फैब्रिकेशन वर्क एवं विशेष रूप से Water Jacket, Carnice & autofill pump with Starter के गुणवत्तापूण निर्माण और क्रियाशीलता के सम्बन्ध में स्पष्ट आख्या उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया गया है।

उपरोक्तानुसार प्राप्त निर्देश के अनुपालन में पुनः आज दिनांक 31/05/2024 को मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा गठित टीम के सदस्य जिला पंचायत राज अधिकारी–बस्ती, अधिशाषी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग–बस्ती, और जिला विकास अधिकारी–बस्ती द्वारा विकास खण्ड– गौर की ग्राम पंचायत कठौतिया सांवडीह और विकास खण्ड– बनकटी की ग्राम पंचायत सिरौता में निर्मित कराये गये बायो गैस संयन्त्र का निरीक्षण किया गया।

सत्यापन टीम के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बायो गैस प्लान्ट स्थापना हेतु स्वीकृत स्टीमेट एवं राज्य स्तर से उपलब्ध कराये गये आर0एफ0पी0 के पृष्ठ संख्या 14 व 15 पर प्लांट के गुणवत्तापूर्ण निर्माण के दृष्टिगत सिविल वर्क और फैब्रिकेशन वर्क एवं विशेष रूप से Water Jacket, Carnice & autofill pump with Starter सहित बायो गैस डाईजेस्टर, इंजन रूम और मैन्योर पिट दिये गये स्टीमेट के आधार पर निर्धारित मानक और डिजाइन के अनुसार बना हुआ है सभी वांछित निर्माण निर्धारित मानक व गुणवत्ता के अनुरूप पूर्ण है और बायो गैस संयन्त्र संचालित है। इस प्रकार सम्बन्धित फर्म को नियमानुसार तृतीय किश्त (40प्रतिशत) का भुगतान किया जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| 01-06-24<br>(रतन कुमार)<br>जिला पंचायत राज अधिकारी,<br>बस्ती | 01/06/24<br>(अंकुर वर्मा)<br>अधिशाषी अभियन्ता<br>ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,<br>बस्ती। | 01/06/24<br>(अजय कुमार सिंह)<br>जिला विकास अधिकारी,<br>बस्ती। |

## कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी, बस्ती।

पत्रांक 778 /7–पंचायत/स्व0भा0मि0–ग्रा0/गोबरधन/2024–25 दिनांक 01 जून 2024

प्रतिलिपि–

1. मुख्य विकास अधिकारी, महोदय बस्ती की सेवा में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. जिलाधिकारी महोदय बस्ती की सेवा में सादर अवलोकनार्थ।

योजना सहायक/ लेखाकार SBM(G) आ0 ना0 करें
03-06-2024
DPRO

जिला पंचायत राज अधिकारी,
बस्ती।

D/Rajafiles/DPC Letter & Notice 2024

Scanned with CamScanner